किस्म मुकदमाः— धारा 19 (1) सूचना का अधिकार अधिनियम 2005

GCMS - 2026/2

नम्बरः—.09./2026

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज गोरधन बनाम लो.सू.अ. (तहसीलदार फलौदी)	नम्बर व तारीख अहकाम की इस हुक्म की तामील में जारी हुए
24/3/26	अपीलार्थी गोरधन आचार्य, निवासी आचार्यो का मोहल्ला, नयापुरा जिला फलौदी द्वारा सूचना का अधिकार के तहत दिनांक 07.11.2025 द्वारा अपील में उल्लेखित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार फलौदी को प्रेषित किया गया। तहसीलदार फलौदी द्वारा सूचना नहीं दिय जाने से व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर की गई। तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब करने हेतु तहसीलदार फलौदी को तहरीर जारी की गई। अपीलांट को सुनवाई तारीख पेषी हेतु नोटिस जारी किया। तहसीलदार फलौदी से तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त हुई। जिसे शामिल पत्रावली किया गया। उभय पक्षकारान उपस्थित। अपीलांट में न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर एक प्रार्थना पत्र अपील विड्रोल करने बाबत पेश किया। प्रस्तुत प्रार्थना पत्र अनुसार अपीलांट द्वारा प्रस्तुत अपील में वर्णित वांछित सूचना बिन्दुवार प्राप्त हो चुकी है। बिन्दुवार सूचना प्राप्ति हो जाने के कारण अपीलांट प्रकरण में आगे कोई कार्यवाही नहीं चाहता है। अपीलांट ने निवेदन किया कि विड्रोल प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर प्रस्तुत अपील को खारिज फरमाया जावें। अपीलांट के प्रार्थना पत्र को शामिल पत्रावली किया जावें। प्रार्थना पत्र पर अपीलांट को सुना गया। बाद अवलोकन एवं मनन पश्चात अपीलांट का प्रार्थना स्वीकार किया जाता है। अपील जरिये विड्रोल खारिज की जाती है। अपील फैसल शुमार होकर नंबर से कम हो। दाखिल दफ्तर हो। आदेश सुनाया गया। जिला कलक्टर फलौदी	